7 उपाध्यक्ष 3 महामंत्री 8 मंत्री बनाए

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित


## सत्येंद्र, विनय, केशव, कनवर बने उपाध्यक्ष, जवाहर को अब प्रांत सह मीडिया प्रभारी से जिले में महामंत्री बनाया, बिट्टू और पलैया भी महामंत्री



वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के स्मारकों पर नमन करते नए पदाधिकारी।

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,,10फरवरी।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर जिले के नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। इस सूची में कुल 34 नेताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई है। ग्वालियर भाजपा की नई कार्यकारिणी में अनुभव और युवा जोश का संगम है।

भाजपा जिला पदाधिकारियों में सत्येंद्र शर्मा एवं विनय जैन सहित केशव मांझी, राघवेन्द्र शर्मा, कनवर किशोर मंगलानी, विकास साहू, लता सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं जवाहर प्रजापति, धर्मेन्द्र तोमर बिट्टू, राजू पलैया को महामंत्री बनाया गया है। जिला मंत्रियों की सूची में अजय द्विवेदी, कुलदीप चतुर्वेदी, चंदन पटेल, आलोक श्रीवास्तव, अमित बंसल, प्रीति थोराट, रेशू राजावत, प्रिया तोमर को शामिल किया गया है। कोषाध्यक्ष अमित जैन, सह



कोषाध्यक्ष उमेश जोशी, नंदिनी गणफुले, कार्यालय मंत्री राघवेन्द्र सिंह कुशवाह, सह कार्यालय मंत्री बिरजू शिवहरे, रवि पांडे, मीडिया प्रभारी निशिकांत मोघे, सह मीडिया प्रभारी नूतन श्रीवास्तव, वंदना भूपेन्द्र प्रेमी, सोशल मीडिया संयोजक संतोष राजौरिया, आईटी संयोजक गौरव वाजपेयी को बनाया गया है।

भाजपा संगठन सूत्रों के अनुसार महानगर स्तर पर संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावी तैयारियों और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की गई हैं। नए पदाधिकारियों में संगठनात्मक अनुभव, सक्रिय कार्यकर्ताओं और युवा नेतृत्व को प्राथमिकता दी गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इन नियुक्तियों से ग्वालियर महानगर में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे संगठन हित में समर्पित भाव से कार्य करते हुए भाजपा की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। भाजपा नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया है।

# मुख्यमंत्री ने की भगदड़ में मृतक के परिजन को 4 लाख व गंभीर तीन घायलों को एक - एक लाख देने की घोषणा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 फरवरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को ग्वालियर जिले के डबरा में नवनिर्मित नवग्रह शक्ति पीठ में कलश वितरण कार्यक्रम में हुई दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए दुर्घटना में एक मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए एवं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को एक - एक लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। इसके साथ ही गंभीर सभी घायलों का नि:शुल्क उपचार कराने के निर्देश भी दिए हैं। ग्वालियर जिले के डबरा में मंगलवार को नवग्रह शक्ति पीठ में कलश वितरण के अवसर पर हुई दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु एवं दो महिलाएँ व एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई हैं। इसके साथ ही चार अन्य महिलाओं को मामूली चोट आई है। घटना में गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं एवं एक बच्ची को तत्काल ग्वालियर स्थित अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार प्रारंभ कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर रुचिका चौहान ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि घायलों का उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर चौहान ने इसके पश्चात डबरा पहुंचकर नवग्रह शक्ति पीठ पर आयोजित कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर रुचिका चौहान ने डबरा में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया है कि धार्मिक आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

### नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था के दिए निर्देश

जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने घटना की सूचना मिलते ही चिंता व्यक्त करते हुए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की और घायलों के समुचित उपचार के दिशा-निर्देश दिए।

# भगदड़ के बाद दो हजार पुलिस कर्मियों के घेरे में नवग्रह मंदिर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 फरवरी।** डबरा स्थित नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की कलश यात्रा में आज हुई जानलेवा भगदड़ के बाद को पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और मज़बूत कर दी है। आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं और वीआईपी के आगमन को देखते हुए मंदिर परिसर में 2 लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मंदिर के अन्दर 1500 पुलिसकर्मी और बाहर लगभग 500 पुलिसकर्मी तैनात किये गए हैं जो हर आने-जाने वाले पर नजर रख रहे हैं। इसके साथ ही जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग के भी इंतजाम किये गये है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। आज मंगलवार को कलश यात्रा के साथ ही 11 दिवसीय आयोजन का भव्य शुभारंभ हो गया है। आईजी ग्वालियर ने नवग्रह मंदिर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंदिर परिसर की सुरक्षा राउंड द क्लॉक की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के लिये ग्वालियर के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी पुलिसबल बुलाया गया है। इसके अलावा 12 राजपत्रित अधिकारी भी तैनात किये गये है। पार्किंगस्थलों के आसपास भी पुलिसकर्मी मौजूद हैं। इसके साथ ही होटल, लॉज और धर्मशालाओं पर भी पुलिस की नजर है। निरीक्षण के दौरान एएसपी जयराज कुबेर भी उपस्थित थे।

**500 मीटर दूर बनाया गया हेलीपैड :** प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कई वीवीआईपी के आगमन को देखते हुए मंदिर से करीब 500 मीटर दूर हेलीपैड बनाया गया है। यहां भी दिन-रात पुलिस बल तैनात है। आईजी अरविंद कुमार ने बताया कि नवग्रह मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले वीआईपी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। करीब 2000 से अधिक पुलिसकर्मी और अधिकारी तैनात किए गए हैं। पूरा परिसर कैमरों की निगरानी में है।

### मृत महिला के शव को लेकर कलश यात्रा के बीच में पहुंचे परिजन

**ग्वालियर।** डबरा में आज हुई भगदड़ में महिला के मृत घोषित होने के बाद आक्रोशित परिजन अस्पताल से शव लेकर कलश यात्रा स्थल के बीच पहुंच गए मृतक महिला की पहचान रति साहू के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल महिला विमला सहित ज्यादातर को ग्वालियर रेफर किया गया है। यह कार्यक्रम 20 फरवरी तक चलना है. बता दें कि कलश यात्रा के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे. यात्रा के दौरान ही हादसा हो गया. सूचना मिलते ही मौके पर एंबुलेंस भी पहुंच गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया.





# पहले दिन 26,744 छात्र-छात्राओं ने दी 12वीं बोर्ड की परीक्षा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 फरवरी।** 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज मंगलवार से शुरू हो गईं। परीक्षा के पहले दिन छात्र-छात्राएं निर्धारित समय पर अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के बाद परीक्षा में शामिल हुए। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा का आयोजन किया गया।

जिले में कुल 91 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की गई, जिनमें 26,744 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से मिले निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी गई। मंगलवार को 12वीं कक्षा का पहला पेपर अंग्रेजी का था। परीक्षार्थियों का कहना था कि प्रश्नपत्र काफी सरल था और आसानी से पूरा कर लिया गया। हालांकि कुछ सवालों ने थोड़ी परेशानी जरूर की, लेकिन बेहतर टाइम मैनेजमेंट के चलते पेपर समय पर सॉल्व कर लिया गया।

अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र चार सेट ए,बी,सी और डी में आया था। इन्हीं सेटों के आधार पर परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की गई थी ताकि नकल की संभावनाएं कम की जा सकें।

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले छात्र छात्राओं की सघन जांच की गई। किसी भी प्रकार की नकल या आपत्तिजनक सामग्री ले जाने पर रोक रही। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर 'उम्मीद की पेटी' भी रखी गई, जिसमें यदि किसी छात्र के पास गलती से नकल सामग्री हो, तो वह जांच से पहले उसमें डाल सकता है। यदि जांच के दौरान नकल सामग्री पकड़ी जाती है, तो संबंधित छात्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा के पहले दिन मंगलवार को कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र सुबह 9 बजे से शुरू हुआ। यह परीक्षा जिले के 84 परीक्षा केंद्रों पर हुई, जिसमें कुल 26,744 विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होंगी। इसके लिए 91 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 22,777 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 7 परीक्षा केंद्र रिजर्व रखे गए हैं।

बोर्ड और जिला स्तर पर परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में कुल 73 सामान्य, 12 संवेदनशील और 6 अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नकल पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए एमपी बोर्ड द्वारा 16 उडऩ्दस्तों का गठन किया गया है। इन दलों में जिला प्रशासन, बोर्ड और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हैं, जो लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

**परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश पत्र और वैध पहचान पत्र की जांच :** मपी बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश पत्र और वैध पहचान पत्र की जांच अनिवार्य कर दी है। बिना प्रवेश पत्र किसी भी छात्र को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**नकल पर की जा रही सख्त कार्रवाई :** परीक्षाओं को नकलविहीन और निष्पक्ष बनाने के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। कई केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है, जबकि उडऩ्दस्ते लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**कहाँ कितने परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 4 नकलची पकड़े :** एमपी बोर्ड द्वारा आयोजित हायरसेकेंडरी की परीक्षा में मुरैना के 60 परीक्षा केन्द्रों पर अंग्रेजी विषय का पेपर देने कुल 22834 में से 22178 परीक्षार्थी पेपर देने पहुंचे। तथा 666 परीक्षार्थी अनुस्थित है। इसमें 4 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया।

श्योपुर में कुल 3824 में से 3773 परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया।व 51 छात्र गैर हाजिर रहे। वहीं भिंड में कुल 14013 में से 13603 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुँचे। जिनमें से 410 विद्यार्थियों ने परीक्षा मे भाग नहीं लिया। ग्वालियर में 84 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 22213 में 21808 छात्र-छात्राएं ने इम्तिहान दिया। इनमें से 405 विद्यार्थी परीक्षा हॉल से नदारद रहे। दतिया में 148 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 5940 में से 5792 परीक्षार्थियों ने परीक्षा हॉल में बैठकर पेपर हल किया। शिवपुरी में कुल 11557 में से 11358 परीक्षार्थी पेपर देने पहुंचे। जिनमें से 199 ने पेपर ही नहीं दिया। वहीं गुना में कुल 9605 में से 9435 परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र हल किया। और 170 छात्र-छात्राओं ने इम्तिहान नहीं दिया। अशोक नगर में 6856 में से 6765 परीक्षार्थी पेपर देने पहुंचे। ग्वालियर चंबल संभाग के जिलों में हजारों विद्यार्थियों ने परीक्षा मे भाग लिया। इस दौरान परीक्षार्थियों में पहले पेपर को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला।

# कलेक्टर ने शिक्षा नगर स्कूल में परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधन किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण भी किया गया। कलेक्टर रूचिका चौहान ने शिक्षा नगर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और वहां पर सभी व्यवस्थाओं को देखा। मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा मंगलवार से प्रारंभ हो गई हैं। प्रथम दिन कक्षा 12 वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए शिक्षानगर में बनाए गए परीक्षा केंद्र का कलेक्टर रूचिका चौहान ने निरीक्षण कर परीक्षा केंद्र में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर चौहान ने परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत समस्त परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर के दायरे में 4 या 4 से अधिक व्यक्तियों के समूह के रूप में या अन्य किसी प्रकार से एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया है।

### कल आएंगे सिलावट

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 12 फरवरी को ग्वालियर भ्रमण पर रहेंगे। ग्वालियर जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही गत दिनों ग्वालियर में ओलावृष्टि से प्रभावित हुए किसानों से मुलाकात करेंगे।

# छात्रों ने जाना डिजिटल लाइब्रेरी का महत्व



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 फरवरी।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बीएसएफ अकादमी टेकनपुर के छात्र-छात्राओं ने शासकीय केंद्रीय पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकालय की कार्यप्रणाली एवं आधुनिक डिजिटल सेवाओं की जानकारी देना था। भ्रमण के दौरान छात्रों को बताया गया कि पुस्तकालय में पुस्तकों का वर्गीकरण, रख-रखाव एवं पाठकों को सेवाएं किस प्रकार प्रदान की जाती हैं। भ्रमण में शामिल लगभग 100 विद्यार्थियों ने पुस्तकालय की विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया। क्षेत्रीय ग्रंथपाल राकेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय में उपलब्ध डिजिटल सेवाओं, ई-बुक्स, डिजिटल कैटलॉग, कम्प्यूटर लैब, किड्स जोन तथा शोध से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी दी।

उन्होने बताया कि वर्तमान समय में पुस्तकालय केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि डिजिटल माध्यम से ज्ञान का बड़ा केंद्र बन चुके हैं, विद्यार्थियों ने पुस्तकालय की कार्यप्रणाली को समझते हुये गहरी रूचि दिखाई। इस अवसर पर ग्रंथपाल पूजा साहू, अनीता औडिया, आकाश पाल, कमल चामडिया सहित स्कूल एवं पुस्तकालय के अन्य स्टाफगण उपस्थिति थें. राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बेकरी से क्रीम और होटल से दही, आटे के नमूने लिए

**ग्वालियर, 10 फरवरी।** शहरवासियों को शुद्ध भोजन प्राप्त हो, इसके लिए होटल एवं खाद्य पदार्थ निर्माताओ के यहां सैंपलिंग कर जांच की जा रही है। इसी क्रम में जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम कृष्णा कालोनी सिकन्दर कम्पू स्थित फर्म राठौर बेकरी पर पहूँची। जहॉ मौके पर बेकरी का निरीक्षण कर वहां से क्रीमरोल निर्माण के उपयोग में लाए जा रहे मैदा, क्रीम एवं क्रीमरोल नमूने लिए। इसके बाद टीम ने डी डी नगर स्थित श्री गंगा पैलेस होटल से किचिन का निरीक्षण कर दही और आटे के नमूने लिए। सभी को जांच के लिए लैब में भेजा गया हैं।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

शाखा : जयेन्द्रगंज, निशा प्लाजा, आचरण प्रेस के पास, जिंसी रोड, ग्वालियर-474009 (म.प्र.) फोन : 72477-16428, E-mail: vjgwal@bankofbaroda.com

**कब्ज़ा नोटिस [नियम 8(1)] अचल संपत्ति के लिए**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनणनर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी हैं और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (प्रवर्तन) नियम 2002, उधारकर्ता को राशि चुकाने के लिए कहने पर डिमांड नोटिस जारी करता है नोटिस में उल्लेख किया गया है कि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर ऋण लेने वाले राशि चुकाने में विफल रहने पर, ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया गया है अधोहस्ताक्षरी ने शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपति का कब्ज़ा ले लिया है सुरक्षा हित (प्रवर्तन) के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदान किया गया नियम, 2002 के तहत विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को लेनदेन न करने की चेतावनी दी जाती है संपति के साथ और संपति से संबंधित कोई भी लेन-देन बैंक ऑफ बड़ौदा के शुल्क के अधीन होगा एक राशि जैसा कि नीचे दिखाया गया है और उस पर ब्याज।

| ऋणी का नाम व पता | संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक राशि व कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| **ऋणकर्ता - 1. श्रीमती मीना यादव पत्नी महिपाल सिंह यादव 2. श्री मयंक यादव पुत्र महिपाल सिंह यादव** पता : डी-19 गोकुल अपार्टमेंट, सिटी सेंटर आर.के. पुरी, ग्वालियर-474011 पता : (ए) डी-19 गोकुल अपार्टमेंट, सिटी सेंटर आर.के. पुरी, ग्वालियर-474011 पता : (बी) कलेक्टर बंगले के पीछे, गणेश पुरा पुरानी जेल रोड, मुरैना-476011 **जमानतदार - श्री महिपाल सिंह यादव पुत्र नत्थू सिंह यादव** पता : (ए) डी-19 गोकुल अपार्टमेंट, सिटी सेंटर आर.के. पुरी, ग्वालियर-474011 पता : (बी) डी-2 गोकुल अपार्टमेंट, सिटी सेंटर पटेल नगर, ग्वालियर-474011 | **संपत्ति स्वामी- श्रीमती मीना यादव पुत्री श्री जेएस यादव** - वार्ड नंबर 30 डुप्लेक्स नंबर डी-19 गोकुल अपार्टमेंट पटेल नगर के पास, सिटी सेंटर, थाटीपुर में स्थित ज़मीन और बिल्डिंग का साम्यिक बंधक। प्रोपर्टी का एरिया 106 वर्ग मीटर है। **चतुर सीमाएँ : पूर्व**-मकान नंबर डी-20, **पश्चिम**- मकान नंबर डी-18, **उत्तर**- कॉलोनी के लिए 6 मीटर चौड़ी सड़क, **दक्षिण**-मकान नंबर डी-1 | मांग नोटिस दिनांक: **28-08-2025** ₹17,83,927.47/- +ब्याज एवं अन्य अतिरिक्त खर्चे कब्जा दिनांक: **05-02-2026** |

स्थान : ग्वालियर | दिनांक : 10.02.2026 | प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा



# प्रथम पृष्ठ का शेष . . .






# डबरा भगदड़ : कलेक्टर एवं आईजी ने अस्पतालों में पहुंचकर घायलों से मुलाकात की

भगदड़ के दौरान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि गेट खोलते ही भीड़ बेकाबू हो गई. महिलाएं कलश लेने के लिए दौड़ पड़ीं. महिलाएं जमीन पर एक दूसरे को कुचलते निकलीं. डीआईजी अमित सांघी ने कहा कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है.

कलेक्टर, आईजी समेत जिले के आला प्रशासनिक अधिकारियों ने आज दोपहर ग्वालियर के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचकर डबरा में हुई भगदड़ में घायल हुई महिलाओं से मुलाकात कर उनकी हालत और इलाज के बारे में जानकारी ली. इनमें से चार लोगों का उपचार डबरा अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक बच्ची और एक महिला को ग्वालियर स्थित एप्पल हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है .

वहीं घायलों को जेएएच में भी उपचार के लिए भर्ती कराया है. घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर रुचिका चौहान ने एप्पल हॉस्पिटल एवं जेएएच अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना. साथ ही चिकित्सकों को उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए. घटना की सूचना मिलने पर आईजी अरविंद सक्सेना एडिशनल एसपी सुमन गुर्जर एवं एडिशनल एसपी अनु बेनीवाल, सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घायलों का हाल जाना . प्रशासन ने घटना के बाद स्थिति नियंत्रण में होने का दावा करते हुए कहा कि कलश यात्रा अपने तय मार्ग से होते हुए नवग्रह शक्तिपीठ पर पहुंची.

**हादसे में ये हुए घायल :** सरोज साहू पति लालाराम साहू, निवासी दर्शन कॉलोनी, सुमन पति कमलकिशोर, विनीत पिता बाबूलाल कोरी, विमला, पुष्पा, दुर्गेश, उम्मेद सिंह रावत निवासी अशोक नगर, अनिता अहिरवार.

# एमपी में अब परिवार पेंशन का बढ़ा दायरा

निलम्बन अवधि में अभिदाता तथा नियोक्ता के अंशदान का प्रावधान किया है. इसके साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत एवं स्पष्ट प्रक्रिया, अंशदान की दर, गणना एवं विलंब की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारण के साथ सेवानिवृत्ति, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र एवं मृत्यु की दशा में निकास प्रावधान किया गया है. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत आने वाले शासकीय सेवकों के लिए उपदान की पात्रता निर्धारण एवं भुगतान की सुस्पष्ट प्रक्रिया होगी. विभागीय जांच (सेवा निवृत्ति उपरांत) आदेश के संदर्भ में उपदान से वसूली संभव होगी. विभागीय जांच की अवधि में नियोक्ता के अंशदान का भुगतान रोका जाने का प्रावधान किया गया है. इसी तरह सेवानिवृत्ति के तीन माह पूर्व अभिदाता अंशदान रोका जाना और सेवानिवृत्ति के बाद विभागीय जांच संस्थित किये जाने का प्रावधान के साथ नियमों में बदलाव का अधिकार राज्य सरकार के पास रहेगा.


# कार्यालय नगर परिषद बानमौर जिला मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक / 2026/308 — बानमौर, दिनांक 10/02/2026

## ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाइन टेण्डर आई. डी. क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_481426_1 | वार्ड क्र. 15 में खेलकूद मैदान की वाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 06 माह एवं 30,64,842/- | 5,000/- एवं 22,986/- | 26.02.2026 सायं 05:30 बजे तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में पकाशन नहीं किया जावेगा।

(गीता लक्ष्मण जाटव) (अध्यक्ष) नगर परिषद बानमौर | उपयंत्री नगर परिषद बानमौर | (नरेश सैमिल) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बानमौर जिला मुरैना


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95